बिहार सरकार

स्वास्थ्य विभाग

आदेश

संचिका संख्या : 15/खा०–06–01/2025– .... **पटना/दिनांक–** ....

पटना जिलान्तर्गत दिनांक–07.05.2026 को माननीय प्रधानमंत्री, भारत सरकार, विभिन्न राज्यों के माननीय मुख्यमंत्रियों तथा भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के माननीय केन्द्रीय मंत्रियों का आगमन एवं परिभ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है।

2. राज्यपाल सचिवालय, बिहार, पटना के कार्यालय पत्रांक–902, दिनांक–01.05.2026 से प्राप्त सूचनानुसार बिहार लोक भवन, पटना में अरूणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम एवं त्रिपुरा राज्यों के स्थापना दिवस के अवसर पर एक समारोह का आयोजन माननीय राज्यपाल महोदय द्वारा दिनांक–07.05.2026 को किया जा रहा है। उक्त समारोह के दौरान कार्यक्रम में उपस्थित होने वाले महानुभावों को परोसे जाने वाले खाद्य–पेय पदार्थों की जॉच हेतु खाद्य संरक्षा अधिकारी को निदेशित करने का अनुरोध किया गया है।

3. उक्त निर्धारित कार्यक्रमों के मद्देनजर अतिविशिष्ट गणमान्य महानुभावों को परोसे जाने वाले खाद्य पदार्थों के जॉच हेतु राज्यान्तर्गत कार्यरत निम्नवत् सहायक अभिहित अधिकारी –सह– खाद्य संरक्षा अधिकारियों को दिनांक–06.05.2026 के अपराह्न से कार्यक्रम की समाप्ति तक निम्नांकित कार्यालयों में प्रतिनियुक्त किया जाता है :–

क्रम संख्या	सहायक अभिहित अधिकारी –सह– खाद्य संरक्षा अधिकारी का नाम एवं पदस्थापन स्थल	मोबाईल नं०	प्रतिनियुक्त स्थल
1.	श्री अनिल कुमार, सहायक अभिहित अधिकारी –सह– खाद्य संरक्षा अधिकारी, रोहतास, कैमूर, बक्सर एवं अरवल	9006733430	असैनिक शल्य चिकित्सक –सह– मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पटना का कार्यालय
2.	श्री अशोक कुमार सिन्हा सहायक अभिहित अधिकारी –सह– खाद्य संरक्षा अधिकारी, दरभंगा, मधुबनी, समस्तीपुर, सहरसा एवं मधेपुरा	8987259761	असैनिक शल्य चिकित्सक –सह– मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पटना का कार्यालय

3.	मो० इकबाल, सहायक अभिहित अधिकारी –सह– खाद्य संरक्षा अधिकारी, भागलपुर, बांका, कटिहार एवं बेगुसराय	9955826712	बिहार लोक भवन, पटना

4. क्रम संख्या–01 एवं 02 पर अंकित पदाधिकारी असैनिक शल्य चिकित्सक –सह– मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पटना के कार्यालय तथा क्रम संख्या–03 पर अंकित पदाधिकारी बिहार लोक भवन, पटना के कार्यालय में योगदान समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे एवं निदेशानुसार अपने कर्त्तव्यों का निर्वहन करना सुनिश्चित करेंगे।

5. प्रतिनियुक्त सभी पदाधिकारी कार्यक्रम की समाप्ति के पश्चात् अपने मूल पदस्थापन/कार्य क्षेत्र में योगदान करने हेतु स्वतः विरमित समझें जायेंगे।

6. उक्त आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

ह०/–
(सुरेन्द्र राय)
विशेष कार्य पदाधिकारी
स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक – 136(15B) **पटना/दिनांक** – 06/05/2026

प्रतिलिपि : श्री सुमन कुमार, राज्यपाल के अपर सचिव, राज्यपाल सचिवालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि : सचिव, स्वास्थ्य –सह– खाद्य संरक्षा आयुक्त, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि : संबधित सभी जिला पदाधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि : संबंधित सभी असैनिक शल्य चिकित्सक –सह– मुख्य चिकित्सा पदाधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि : प्रतिनियुक्त सभी सहायक अभिहित अधिकारी –सह– खाद्य संरक्षा अधिकारी को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि : आई०टी० मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग को सूचनार्थ एवं विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

विशेष कार्य पदाधिकारी
स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना।